<u>एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 28.04.2018 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.सं./राजभाषा/मानव संसाधन विकास),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इनके अतिरिक्त बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, मुख्यालय के राजभाषा अधिकारी, क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/ मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी,नामित राजभाषा अधिकारी/ सहायकगण, के साथ-साथ भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा उपस्थित हुए।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक (सचिवीय/राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री कलिहारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की । इसके साथ पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दिसम्बर, 2017 एवं मार्च, 2018 तिमाहियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी बैठक में समीक्षा की गई।

अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि एमसीएल राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है। इसके लिए राजभाषा लक्ष्यों के अनुरूप हमें अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करके अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन पर विशेष ध्यान केन्द्रित करना होगा।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं मई, 2018 सत्र की परीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।

बैठक के अंत में सुश्री तूलिका बिश्वास, प्रबंधन प्रशिक्षु (राजभाषा), राजभाषा विभाग,मुख्यालय द्वारा बैठक के संचालन के साथ-साथ बैठक में उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

डॉ. हरिश्चंद शर्मा
बी.सी.त्रिपाठी

MCL

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक